मीठी मीठी मुरली बजा दे मेरे मोहन भजन लिरिक्स

मीठी मीठी मुरली,
बजा दे मेरे मोहन,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

टीका तो मैं पहन के आई,
बिंदिया लाल लगाई रे,
मेरे श्याम सलोने,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

हार गले में पहन कर आई,
मेहंदी हाथों में रचाई रे,
मेरे श्याम सलोने,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

कजरा तो मैं डाल के आई,
बालो में गजरा सजाया रे,
मेरे श्याम सलोने,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

कंगन चूड़ा डाल के आई,
पायल मैंने छनकाई रे,
मेरे श्याम सलोने,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

तू कृष्ण मैं राधा रानी,
जोड़ी गजब बनाई रे,
मेरे श्याम सलोने,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

मीठी मीठी मुरली,
बजा दे मेरे मोहन,
राधा नाचने आयी रे,
मेरे श्याम सलोने।bd।

प्रेषक – शिवकुमार शर्मा।
9926347650

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com